नायडू व मुख्यमंत्री ने किया रायपुर हवाई सेवा का शुभारंभ

रीवा एयरपोर्ट ने विन्ध्य को विकास की उड़ान दी : डॉ . के राममोहन, डबल इंजन सरकार ने विकास को नया आयाम दिया : डॉ .मोहन

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 मार्च, विन्ध्य क्षेत्र को आज विकास की नई सौगात मिली. रीवा एयरपोर्ट से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू हुई. एलायंस एयरवेज सप्ताह में तीन दिन रीवा से रायपुर और रायपुर से रीवा के लिए 72 सीटर प्लेन की सुविधा शुरू की. रीवा एयरपोर्ट में आयोजित समारोह में हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह में शामिल हुए. वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली से शामिल होकर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. के राममोहन नायडू ने हवाई सेवा का शुभारंभ किया. रीवा में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र तथा अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा से रायपुर की वायु सेवा प्रारंभ हो जाने से हम अपने घर से ही जुड़ रहे हैं. रायपुर के लिए सड़क मार्ग व रेल मार्ग की सुविधा थी लेकिन हवाई मार्ग से जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि है. कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने भी संबोधित किया. दिल्ली से नागर विमान मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा ने भी विमान सेवाओं के विस्तार की जानकारी दी. समारोह में केन्द्रीय मंत्री तथा उप मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से हरी झण्डी दिखाकर विमान सेवा का शुभारंभ किया. समारोह में रायपुर जाने वाले यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए गए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल भी रीवा से रायपुर जाने वाली प्रथम हवाई सेवा के यात्री बने. समारोह में लोक गायिका राखी द्विवेदी ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी. समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, एलायंस एयरवेज के सीईओ राजर्षि सेन, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे.

दो वर्षों में तीन बड़ी सौगातें : डॉ . मोहन यादव

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट को केवल दो वर्षों में तीन बड़ी सौगातें मिली हैं . रीवा एयरपोर्ट अपनी प्राचीन गरिमा और वैभव के साथ विकास की उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार है . केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने रीवा के विकास को नया आयाम दिया है . रीवा एयरपोर्ट के विकास और हवाई सेवाओं के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री नायडू तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के सराहनीय प्रयास सफल हो रहे हैं .

प्रदेश की विमान सेवा मॉडल बनी : डॉ . नायडू

इस अवसर दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए नागर विमान मंत्री डॉ . के राममोहन नायडू ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट जबरदस्त उपलब्धि हासिल कर रहा है . प्रधानमंत्री जी ने विन्ध्य के सपनों को उड़ान देने का जो कार्य प्रारंभ किया था वह अब मूर्तरूप ले रहा है . मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विमान सेवा में देश में मॉडल के तौर पर उभर रहा है . केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर मध्यप्रदेश की जनता को हवाई यात्रा सुलभ कराने का हर संभव प्रयास कर रही है .

रीवा की तरक्की के लिए जरूरी : राजेन्द्र

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा से रायपुर के लिए वायु सेवा की यह तीसरी सौगात मिल रही है . रीवा में असीम संभावनाओं के बावजूद भी हवाई सेवाएं न होने पर वह तरक्की नहीं हो पायी थी लेकिन अब रीवा तरक्की की ऊंचाईयाँ छू रहा है . प्रधानमंत्री जी की उड़ान योजना का रीवा ने भरपूर लाभ उठाया . अब यह क्षेत्र देश का सबसे बड़ा इकोनामिक कारीडोर बनेगा . रीवा एयरपोर्ट का वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री जी द्वारा उद्घाटन किया गया और वर्ष 2025 में रीवा से दिल्ली व रीवा से इंदौर के लिए वायु सेवा शुरू हुई .

जंगल से भटक कर एक बार फिर मऊगंज पहुंचा हाथी का जोड़ा

नवभारत न्यूज

रीवा, 17 मार्च, जंगल से भटक हुए दो हाथी लगातार विंध्य क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है. सीधी, सतना के बाद अब एक बार फिर मऊगंज की तरह पहुंच गये है. भटके दो हाथियों का दल एक बार फिर मऊगंज जिले में आज तड़के 4 बजे दस्तक दे दिया है. यहां मऊगंज थाना क्षेत्र के सलेहा ग्राम पंचायत अंतर्गत छुहिया में ग्रामीणों ने दोनों हाथियों के जोड़ों को देखा इसके बाद सूचना वन अमले को दी.

हाथियों के मऊगंज पहुंचने की जानकारी लगते ही वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा है और ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए. छुहिया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि आज तड़के 4 बजे दोनों हाथियों के जोड़े गांव में पहुंचे हैं हालांकि अब तक किसी भी प्रकार के जान हानी की सूचना नहीं है पर हाथियों के इन जोड़ों द्वारा फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है. वही वन अमले द्वारा दोनों हाथियों की घेराबंदी कर उन्हें जंगल के रास्ते ले जाने का प्रयास किया जा रहा है. बीते एक पखवाड़े से यह दोनों हाथी के जोड़े जंगल से भटक कर सीधी और रीवा जिले के रास्ते मऊगंज पहुंचे थे जहां से कुछ दिनों पूर्व यह वापस चले गए थे और बीती रात्रि इनका डेरा रीवा जिले के गुढ़ अंतर्गत करियाझार के जंगलों में था लेकिन आज तड़के तकरीबन 4 बजे हाथी के जोड़े एक बार फिर मऊगंज जिले के छुहिया गांव पहुंच गए हैं जहां वन हमला तैनात है.

पिड़रवाह के जंगल में मिला महिला का सड़ा-गला शव

तीन-चार दिन पूर्व की है शव, हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। चितरवई कला घाटी सीमा के बरगवां थाना अंतर्गत पिड़रवाह जंगल में आज दिन मंगलवार को एक करीब 30 वर्षीय महिला का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही बरगवां के साथ-साथ खुटार चौकी पुलिस पहुंच शव का पंचनामा लेकर शिनाख्त कराने में लग गई है। वहीं प्रथम दृष्टिया में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पिड़रवाह घाटी के पास से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों को इलाके में असामान्य बदबू महसूस हुई। जब उन्होंने आसपास खोजबीन की, तो झाड़ियों के बीच महिला का शव पड़ा मिला। शव पूरी तरह सड़ चुका था, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह कई दिनों पुराना हो सकता है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर बरगवां पहुंची पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लिया और प्रारंभिक जांच शुरू की। घटना स्थल पर एक झोला मिला, जिसमें कुछ कागजात थे। कागजात में साहिरा खातून उम्र 30 वर्ष पिता जहल्लूद्दीन निवासी तेलदह के रूप में लिखा मिला है। हालांकि पुलिस अभी पुष्टि नही कर रही है। इधर पुलिस ने भी आशंका जताई है कि महिला की हत्या हो सकती है। फिलहाल पुलिस शव को शिनाख्त कराने के साथ-साथ मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हैरानी की बात है कि अभी तक कहीं किसी भी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने की बात सामने नही आई है। टीआई बरगवां मो. समीर के अनुसार शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल एवं स्पष्ट तौर पर शिनाख्त कराई जा रही है।

बेकाबू ट्रेलर वाहन पुल में घुसा, हादसा टला

सिंगरौली 17 मार्च। मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी मार्ग में आज दिन मंगलवार को एक बेकाबू ट्रेलर वाहन परेवानाला के समीप नाली में घुस गया। जहां बड़ा हादसा टल गया। बताया जाता है कि कोल वाहन ट्रेलर बेकाबू गति से था। जिसके चलते चालक नियंत्रण खो दिया था। गनिमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ।

डॉ . मिश्रा ने रखी रेलवे से संबंधित दर्जनों मांगे

रेल बजट चर्चा के दौरान सीधी सांसद ने रखीं क्षेत्रीय मांगें

नवभारत न्यूज

सीधी, 17 मार्च. सीधी लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने आज लोकसभा में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों 2026 पर चर्चा के दौरान देश में हो रहे अभूतपूर्व अधोसंरचनात्मक विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रेलवे के ऐतिहासिक कायाकल्प के लिए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

सांसद डॉ. मिश्रा ने अपने संसदीय क्षेत्र से भोपाल के लिए नियमित रेल सेवा प्रारंभ किए जाने पर विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उन्होंने सीधी, सिंगरौली एवं ब्यौहारी क्षेत्र की विभिन्न महत्वपूर्ण मांगें सदन में रखीं, जिनमें मड़वास स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित करना, शंकरपुर-भदौरा स्टेशन का उन्नयन, विजयसोता ब्यौहारी के बीच छुही ग्राम में आरयूबी निर्माण, प्रमुख ट्रेनों का विजयसोता में स्टॉपेज, गजराबहरा व सरई में आरओबी निर्माण, सिंगरौली-निजामुद्दीन ट्रेन का नियमितीकरण, सिंगरौली से इंदौर एवं प्रयागराज के लिए नई रेल सेवाएं, सीधी-शहडोल नई रेल लाइन का सर्वे तथा ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना से प्रभावित युवाओं को रोजगार प्रदान करना शामिल है। साथ ही उन्होंने रेलवे में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, जैसे महुआ से बने पौष्टिक उत्पादों को आहार में शामिल करने तथा आजीविका मिशन के उत्पादों की खरीद सुनिश्चित करने की भी मांग रखी। सांसद डॉ. मिश्रा ने क्षेत्र में बेहतर रेल सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार से इन मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आग्रह किया।

कलेक्टर की जनसुनवाई में सास-बहू का विवाद, हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में आज दिन मंगलवार को सास-बहू के पारिवारिक विवाद ने उस समय नाटकीय मोड़ ले लिया, जब जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने अचानक बेहोश होने का नाटक कर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार थाना बैढ़न के सेमरिया निवासी रैमून साह और उनकी बहू सुमित्रा सिंह के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष अपनी शिकायत लेकर कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचे थे। इसी दौरान सास रैमून साह ने अचानक जमीन पर गिरकर बेहोशी का नाटक किया, जिससे वहां

मौजूद अधिकारी व कर्मचारी भी चौंक गए। मौके पर मौजूद तहसीलदार प्रीति सिकरवार ने तत्परता दिखाते हुए महिला को समझाइश दी और एहतियातन ट्रामा सेंटर के लिए भेजा। हालांकि कुछ देर बाद ही रैमून साह वापस कलेक्ट्रेट पहुंच गईं, जिससे स्पष्ट हुआ कि उनकी हालत सामान्य थी। विवाद को लेकर सास का आरोप है कि उसका बेटा उसे परेशान करता है, इसलिए उसे जेल भेजा जाए। वहीं बहू सुमित्रा सिंह का कहना है कि उसने अपने पति प्राण कुमार शाह के साथ प्रेम विवाह किया है, जिसे सास स्वीकार नहीं कर रही हैं। बहू के मुताबिक सास चाहती हैं कि उसका पति उसे छोड़ दे, जबकि दोनों साथ रहना चाहते हैं। उसने यह भी आरोप लगाया कि सास ने उन्हें घर से निकाल दिया था, जिससे उन्हें पेड़ के नीचे रहने तक की नौबत आ गई थी। इतना ही नहीं, उसके पति को पहले भी जेल भिजवाया जा चुका है। तहसीलदार प्रीति सिकरवार ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए आपसी सुलह से विवाद सुलझाने की सलाह दी है। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

मैहर में कल सूर्य उपासना कार्यक्रम का होगा आयोजन

मैहर 17 मार्च. मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत 2083 के शुभ अवसर पर 19 मार्च 2026 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व परंपरा श्रीमहाकालेष्वर मंदिर उज्जैन के षिखर पर समय-समय पर स्थापित किये जाने वाले ब्रम्हध्वज को प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर स्थापित कर नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जायेगा।

फर्जीवाड़े के सहारे विधवा पेंशन और योजनाओं का लाभ लेने का आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। कलेक्टर की जनसुनवाई में एक गंभीर शिकायत सामने आई है, जिसमें ग्राम जीर एवं आसपास के कई लोगों पर शासकीय योजनाओं में फर्जीवाड़ा कर अनुचित लाभ लेने का आरोप लगाया गया है।

प्रार्थी चन्द्रवली पटेल ने आरोप लगाया कि अजोरिया पटेल सहित अन्य आरोपियों ने सुनियोजित साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन की विभिन्न योजनाओं का गलत तरीके से लाभ उठाया। शिकायत के अनुसार आरोपी महिला ने वर्ष 2014 से अपने पति के जीवित रहते हुए खुद को विधवा दर्शाकर विधवा पेंशन प्राप्त की। इतना ही नहीं, भरण-पोषण के लिए न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर अलग से राशि भी प्राप्त की जा रही है। यह कृत्य स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी और शासकीय राशि के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि वर्ष 2002-03 की बीपीएल सूची में फर्जी तरीके से नाम जोड़कर राशन और अन्य सुविधाओं का लाभ लिया जा रहा है। साथ ही, नियमों के विरुद्ध एक ही व्यक्ति को दो अलग-अलग स्व सहायता समूहों-आशा आजीविका समूह एवं स्वर्ण जयंती महिला समूह में सदस्य बनाकर लाभ पहुंचाया गया। शिकायत में तत्कालीन सरपंच, सचिव, उपसरपंच, सहायक सचिव सहित जनपद पंचायत बैढ़न के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

अस्मि भारती का गर्ल्स जूनियर वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपिनशिप के लिए चयन

नवभारत न्यूज

सतना, 17 मार्च. उज्बेकिस्तान की राजधानी तासकेंट के ओलिंपिक सिटी खेल परिषर मे 12 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित होने वाली जूनियर गर्ल्स वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 मे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी.

गोल्डेन गर्ल अस्मि भारती! अस्मि भारती अपने पिता और जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव डा. संदीप भारती से वर्ष 2021 से ताइक्वांडो की ट्रेनिंग ले रही है जिसमे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे 10 से ज्यादा स्वर्ण पदक जीतकर पूरे विंध्य का नाम रोशन किया है! अस्मि विगत 08 महीनो से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित म.प्र.मार्शल आर्ट एकैडमी टीटी नगर भोपाल मे एकैडमी के कोच श्री जगजीत सिंह माड और अर्जुन सिंह रावत से ट्रैनिग ले रही है! 18 से 23 जनवरी तक जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम मे आयोजित हुई राष्ट्रीय फेडरेशन कप प्रतियोगिता मे अस्मि ने गोल्ड जीतकर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी, उसी क्रम मे फाइनल ट्रायल का आयोजन सोनीपत मे 13 मार्च से 15 मार्च तक हुआ.

छुही खदान धंसने से महिला की मौत, एक गंभीर घायल

चितरंगी के वैरदह गांव में हादसा, सुरंग में फंसी थी दो महिलाएं

नवभारत न्यूज

चितरंगी 17 मार्च। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत वैरदह गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां छुही निकालने के दौरान खदान की सुरंग धंस गई। इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9:30 बजे खजुरिया टोला निवासी सुनीता शाह उम्र 32 पत्नी विश्राम शाह और सुनीता साह उम्र 34 पत्नी दादू लाल शाह वैरदह नाला के समीप स्थित एक सुरंगनुमा खदान में छुही निकालने गई थीं। इसी दौरान अचानक सुरंग भरभराकर धंस गई और दोनों महिलाएं अंदर ही फंस गईं। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण तत्काल मदद के लिए पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मलवे को हटाकर दोनों महिलाओं को बाहर निकाला, लेकिन तब तक सुनीता शाह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं गंभीर रूप से घायल सुनीता साह को तत्काल चितरंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में इस तरह की असुरक्षित खदानों में छुही निकालने का कार्य लंबे समय से जारी है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे खतरनाक स्थलों पर रोक लगाने की मांग की है।

मदद के बहाने लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

सीधी, 17 मार्च. कमर्जी थाना पुलिस ने ?मदद के बहाने लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार फरियादी गोविंद जायसवाल निवासी ग्राम बघऊ ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 21 जनवरी 2026 को आरोपियों ने मोटरसाइकिल खराब

होने का झांसा देकर उसे भितरी चिलरी रोड पर बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट कर उसका ओप्पो मोबाइल, 3000 रुपये नगद और मैकेनिक टूल्स रिंच, पाना, प्लास लूट लिए । मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में चार आरोपियों नीरेन्द्र प्रजापति, जगदीश प्रजापति एवं दो किशोर को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की थी। इसी क?ी में मामले के शेष फरार आरोपी शिवम कुशवाहा एवं शुभम कुशवाहा को दिनांक 16 मार्च 2026 को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी शिवम के पास से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल टीव्हीएस अपाचे भी जब्त की गई है।

अतरैला पहाड़ी में मिले जीवाश्म ने विन्ध्य के प्रागैतिहासिक होने के संकेत दिए

नवभारत न्यूज

सतना, 17 मार्च. सीधी जिले के सिहावल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कोरौली कला के पास स्थित अतरैया पहाड़ी क्षेत्र में हाल ही में प्राप्त संदिग्ध जीवाश्म अवशेषों के संबंध में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना की एक वैज्ञानिक टीम द्वारा स्थल का प्रारंभिक सर्वेक्षण किया गया।

यह सर्वेक्षण स्थानीय स्तर पर प्राप्त

जानकारी और समाचार माध्यमों में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर किया गया, जिनमें पहाड़ी क्षेत्र में बड़े आकार की अस्थियों और दांतों जैसे अवशेषों के मिलने का उल्लेख किया गया था ।यह जानकारी टीम के सदस्यों डा. एस के राय, डा. हर्षित सोनी, डा. ऋषभ देव साकेत और धीरेन्द्र शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में दी.इस वैज्ञानिक दल का नेतृत्व प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हर्षित कुमार सोनी ने किया। टीम में डॉ. ऋषभ देव साकेत तथा परामर्शदाता पुरातत्वविद् डॉ. धीरेंद्र शर्मा भी शामिल थे। टीम ने स्थल पर पहुंचकर उपलब्ध अवशेषों का निरीक्षण किया, उनका प्रारंभिक प्रलेखन किया तथा स्थन की भूवैज्ञानिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों का अवलोकन किया ।स्वल निरीक्षण के दौरान कई प्रकार के जीवाश्मीय अवशेषों की पहचान की गई। इनमें विशेष रूप से बड़े आकार के शाकाहारी स्तनधारी जीवों के दांतों के टुकड़े और कुछ अस्थि खंड शामिल हैं। इन दांतों में एनामेल प्लेट, डेंटिन तथा घिसाब से उत्पन्न विशिष्ट संरचनाएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं, जो प्रारंभिक रूप से हाथी कुल (प्रोबोसिडियन) से संबंधित प्राचीन जीवों की ओर संकेत करती हैं। इस प्रकार के दांत मामान्यत: बड़े शाकाहारी जीवों में पाए जाते हैं जो कठोर वनस्पति को पीसकर खाने के लिए अनुकूलित होते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ अस्थि खंड भी प्राप्त हुए हैं.

कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित। नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)" को उन्हें जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर सीजीएचएफएल को नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज भी देना होगा, जो उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पढ़े गए ऋण समझौते के तहत देय होगा। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, उक्त उधारकर्ता द्वारा सीजीएचएफएल को क्रमशः निम्नलिखित संपत्तियां गिरवी रखी गई हैं।

स. क्र.	उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम	मांग नोटिस की तिथि और राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
1.	(ऋण खाता संख्या LNHLSTN000049187 (पुराना) 50300000848502 (नया) (रीवा शाखा) श्री राजबहार राजक (ऋणकर्ता) श्रीमती सुमन राजक (सह-ऋणकर्ता)	09.03.2026 रु. 6,25,456/- (04.03.2026 तक)	म.प्र.-486001 के जिले के रीवा तहसील के हुजूर नगर स्थित नई कोठी में स्थित, 750 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली, भूमि और भवन सहित आवासीय संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः अनिल तिवारी की भूमि, दक्षिणः विद्यावती राजक द्वारा खरीदी जाने वाली भूखंड, पूर्वः राकेश तिवारी की भूमि, पश्चिमः विक्रेता द्वारा दी गई 16 फुट चौड़ी प्रस्तावित सड़क।

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीएचएफएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही करेगा, जो पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के लागत और परिणामों के जोखिम पर होगी। उक्त उधारकर्ताओं को अधिनियम के तहत सीजीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अभिनेता नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रदान किए गए कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थानः सतना
दिनांकः 18.03.2026

एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी),
केप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के लिए

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99